Topic : शिक्षण के लक्ष्य व उद्देश्य Date :

Class : 1

शिक्षण के लक्ष्य व उद्देश्य

* लक्ष्य - Aim
* उद्देश्य - Objective

लक्ष्य - लक्ष्य शिक्षण प्रक्रिया में एक सामान्य प्रयोजन, End Target, शिक्षण मार्गदर्शन है।

* शिक्षण का एक सामान्य प्रयोजन आदर्श नागरिक बनाना है।

उद्देश्य - उद्देश्य लक्ष्य प्राप्ति में छोटे-छोटे पद होते हैं अर्थात् उद्देश्य वह साधन होते हैं, जिनके माध्यम से लक्ष्य की प्राप्ति की जाती है।

लक्ष्य व उद्देश्य में अंतर :-

लक्ष्य ↓	उद्देश्य ↓
* साध्य	* साधन
* सामान्य प्रयोजन	* विशिष्ट प्रयोजन
* दीर्घकालीन	* अल्पकालीन
* लक्ष्य व्यापक पद	* संकुचित पद
* अस्पष्ट	* स्पष्ट
* अनिश्चित	* निश्चित
* मापन कठिन	* मापन सरलतापूर्वक
* व्यक्तिनिष्ठ	* वस्तुनिष्ठ

ACADEMY

Topic : Date :

Class :

शिक्षण के उद्देश्यों के वर्गीकरण का इतिहास :-

- वर्ष 1948 में बोस्टन में आयोजित अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के सम्मेलन में बेंजामिन एस. ब्लूम द्वारा शिक्षण उद्देश्यों के वर्गीकरण का विचार प्रस्तुत किया।

- वर्ष 1956 मे ब्लूम व उसके साथियों द्वारा टेक्सानॉमी ऑफ एजुकेशनल ऑब्जेक्टिव हैण्ड बुक वन-कोगनेटिव डोमेन (Taxonomy of Educational Objective Hand book one - Cognitive Domain) का प्रकाशन किया।

- इस पुस्तक में मानव व्यवहार के तीन पक्षों के आधार पर शिक्षण उद्देश्यों को तीन भागों में बांटा गया।

  ① ज्ञानात्मक (Cognitive)

  ② भावात्मक (Affective)

  ③ मनोक्रियात्मक (Psychomotor)

ACADEMY

* इसी पुस्तक में ज्ञानात्मक पक्ष को 6 भागों में विभक्त किया गया।

प्रश्न-① ब्लूम के वर्गीकरण में नामित नहीं है?

Ⓐ ज्ञानात्मक (Cognitive)

Ⓑ भावात्मक (Affective)

Ⓒ क्रियात्मक (Conative)

Ⓓ मनोप्रेरणा (Psychomotor)

Topic : Date :

Class :

Note - अर्नेस्ट आर हिलगार्ड ने अपनी पुस्तक 'ट्रायोलॉजी आफ माइंड' (Triology of Mind) में मानव मस्तिष्क की तीन अवस्थाएँ बताई हैं।

1. ज्ञानात्मक (cognitive)
2. भावात्मक (Affective)
3. क्रियात्मक (conative)

* वर्ष 1964 में ब्लूम, मसीहा तथा क्राथवाल ने पुस्तक Taxonomy of Educational objective Hand book-second - Affective domain (टेक्सानॉमी ऑफ एजुकेशनल ऑब्जेक्टिव हैण्ड बुक-IInd-एफेक्टिव डोमेन) में भावात्मक पक्ष को 5 भागों में वर्गीकृत किया।

Note - ब्लूम तथा उनके साथियों द्वारा मनोक्रियात्मक पक्ष को कभी भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

* तीन अलग-अलग वैज्ञानिकों द्वारा मनोक्रियात्मक पक्ष का अलग-अलग वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया:

1. आर. एच. दवे - 5 भाग
2. ए. जे. हैरो - 6 भाग
3. ई. जे सिम्पसन - 7 भाग

* वर्ष 2001 में क्राथवाल तथा एंडरसन ने ब्लूम का संशोधित वर्गीकरण प्रस्तुत किया।

ACADEMY